केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

प्रेस प्रकाशनी

09.09.2020

शिक्षा मंत्री ने 'सीबीएसई शिक्षक पुरस्कार' प्रदान किए

माननीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने आज एक ऑनलाइन समारोह के दौरान भारत के भीतर और बाहर स्थित सीबीएसई संबद्ध स्कूलों के 38 शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया।

ये पुरस्कार वर्ष 2019-20 के तहत शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को स्कूली शिक्षा में सुधार, नवोन्मेष और समर्पण भाव के साथ उनके बहुमूल्य योगदान के सम्मान में प्रदान किए गए।

प्रत्येक पुरस्कार में एक प्रशस्ति पत्र, एक शॉल और रु 50,000 / - की राशि शामिल है।

वर्ष 2018 से, सीबीएसई द्वारा चयन की एक ऑनलाइन चयन प्रक्रिया अपनाई जाती है। आवेदकों का मूल्यांकन प्रत्येक श्रेणी के अंतर्गत सामान्य और विशिष्ट मानदंडों के साथ-साथ स्कूली शिक्षा से संबंधित कई मापदंडों और उनके योगदान के आधार पर किया जाता है।

38 पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में प्राइमरी और मिडिल स्तर के शिक्षक, भाषा शिक्षक, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, गणित, अर्थशास्त्र, सूचना प्रौद्योगिकी, ललित कला शिक्षक, स्कूल काउंसलर, उप-प्रधानाचार्य और प्रधानाचार्य सम्मिलित हैं।

ये पुरस्कार माननीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' तथा श्री संजय धोत्रे, शिक्षा राज्य मंत्री द्वारा श्रीमती अनीता करवल, सचिव (विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता), श्री मनोज आहूजा, अध्यक्ष, सीबीएसई और श्री अनुराग त्रिपाठी, सचिव, सीबीएसई की गरिमामय उपस्थिति में प्रदान किए गए।

यह कार्यक्रम देखने के लिए शिक्षा मंत्रालय, एनवीएस, केवीएस, सीबीएसई के कई अन्य विशिष्ट अतिथिगण तथा सभी कोनों से प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, विद्यार्थी, अभिभावक और परिवार ऑनलाइन शामिल हुए।

रमा शर्मा
प्रमुख (मीडिया और जनसंपर्क)

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in